भारत सरकार
रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

सीईएन – 05/2025

जेई/डीएमएस/सीएमए के विभिन्न पदों की भर्ती

जेई/डीएमएस/सीएमए के विभिन्न पदों के लिए प्रथम चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी– I) के संशोधित कार्यक्रम, सिटी इंटीमेशन स्लीप एवं हेल्पडेस्क लिंक के संबंध में सूचना।

1. उपरोक्त सीईएन के तहत प्रथम चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी-I) के लिए संशोधित परीक्षा कार्यक्रम निम्ननुसार है:

क्र.सं.	सीईएन सं	पद नाम	परीक्षा तिथियां
01	सीईएन – 05/2025	जेई,डीएमएस,सीएमए	19 फरवरी से 20 फरवरी, 2026 एवं 25 फरवरी, 2026

2. परीक्षा शहर, तिथि देखने और एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए यात्रा प्राधिकार डाउनलोड करने के लिए लिंक सभी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर लाइव है।
3. ई-कॉल पत्रों की डाउनलोडिंग परीक्षा – शहर और तिथि सूचना लिंक में उल्लेखित परीक्षा तिथि से 4 दिन पहले शुरु होगी ।
4. परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों का आधार से जुड़ा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण परीक्षा केन्द्र में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपना मूल आधार कार्ड या ई- सत्यापित आधार का प्रिंटआउट लाना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान को प्रमाणित कर लेने की सलाह दी जाती है, यदि उन्होंने पहले से ऐसा नहीं किया है तो वे www.rrbapply.gov.in पर अपने क्रेडेंशियल के साथ लॉग-इन कर आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान प्रमाणित कर लें, ताकि वे परीक्षा केन्द्र में आसानी से प्रवेश कर सकें।
5. अभ्यर्थियों जिनमें वे अभ्यर्थी भी शामिल हैं जिन्होंने आवेदन जमा करने के दौरान अपने आधार का सत्यापन कराया है, उनसे यह अनुरोध है कि वे अपने हित में यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा केंद्र पर आने से पहले उनका आधार यूआईडीएआई प्रणाली में अनलॉक स्थिति में रहे, ताकि परीक्षा के दिन असुविधा से बचा जा सके तथा पंजीकरण और परीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं में सुविधा हो।
6. अभ्यर्थियों के द्वारा हेल्पडेस्क सम्पर्क नं. 91 7996339995 का इस्तेमाल किसी भी सवालों एवं स्पष्टीकरण के मामलों में जरुरत पड़ने पर किया जा सकता है। सोमवार से शनिवार: सुबह 09:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक।
7. अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि, वे भर्ती प्रकिया के बारे में नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों को ही देखें। कृपया अप्रमाणित स्त्रोतों से गुमराह ना हों।
8. उन दलालों से सावधान रहें जो अवैध तरीकों से नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके अभ्यर्थियों को गुमराह करने की कोशिश करते है। आरआरबी के द्वारा चयन कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) पर आधारित होता है, और भर्ती केवल अभ्यर्थियों की योग्यता के आधार पर होती है।

दिनांक : 10.02.2026

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड